## अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनाँक 03-07-2026 को आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2, फेज-3 तथा पूर्व निर्मित ग्रामीण पेजयल योजनाओं के अनुरक्षण, रख-रखाव एवं संचालन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः-

अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 03-07-2026 को सांय 05:00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2, फेज-3 अन्तर्गत फर्म क्रमशः मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, मै० बी०जी०सी० सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन/निर्माण संबंधी कार्यों तथा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, रख-रखाव एवं संचालन हेतु चयनित फर्म मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, मुम्बई द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

**बैठक में उपस्थिति में निम्नानुसार रही –**

1. जिला पंचायतराज अधिकारी, हाथरस।
2. जिला कृषि अधिकारी, हाथरस।
3. श्री मोहित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
4. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, हाथरस।
5. श्री चन्द्रमौलि द्विवेदी, अधिशासी अभियन्ता, सिचांई विभाग, हाथरस।
6. श्री धर्मवीर सिंह, ए0डी0एस0ओ0, वन विभाग, हाथरस।
7. श्री चन्द्रपाल सिंह, सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
8. श्री विकास वर्मा, सहायक अभियन्ता, (SWSM) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
9. श्री चन्द्रमणि, सहायक अभियन्ता (वि०/यॉ०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
10. श्री ए0पी0 सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग, हाथरस।
11. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हाथरस।
12. श्री सौरव सिंह, अवंर अभियन्ता (SWSM) (वि०/यॉ०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
13. श्री दिनेश बनसोड, डी०पी०एम०, टी०पी०आई० आरवी एसोसियेट, हाथरस।
14. श्री अंकित सिंह, डी०टी०एल०, टी०पी०आई०ए० (ओ०एण्ड०एम०), आरवी एसोसियेट, हाथरस।
15. श्री दिलशाद खान, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, हाथरस।
16. श्री योगेन्द्र सिंह, परियोजना प्रबन्धक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, हाथरस।
17. श्री अनिल कुमार सिंह, ए०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।
18. श्री अरविन्द्र यादव, एस0एम0, मै0 प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स, मुम्बई।

### आयोजित समीक्षा बैठक में निम्नानुसार फेजवार समीक्षा की गयी :–

1. **जल जीवन मिशन कायकम फेज–2**::– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत चयनित फर्म मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं (102 राजस्व ग्राम) पर पुनर्गठन सम्बन्धी कार्यो के अन्तर्गत 92 नग नलकूप के सापेक्ष 89 नग नलकूप, 92 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 63 नग पम्प हाउस, 81 नग बाउन्ड्रीबॉल के सापेक्ष 62 नग बाउन्ड्रीबॉल,81 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 27 नग जलाशय, 843 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 774 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 47645 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 43223 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। साथ ही 102 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 54 नग ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है एवं 102 नग राजस्व ग्रामों के मार्ग पुर्नस्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष 87 नग ग्रामों में मार्ग पुर्नस्थापना का कार्य करा दिया गया है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–2 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गयी और अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस को निर्देश प्रदान किये गये कि समीक्षा सारणी इस प्रकार तैयार की जाये कि उसमें कार्य स्थल की वास्तविक स्थिति प्रर्दशित हो, ग्राम पंचायतों में स्टेक होल्डरों की बैठक बुलाई जाये, ग्राम पंचायत पर पाईप लाइन का नक्शा उपलब्ध कराया जाये, जिन ट्यूबवेलों के बोरिंग कार्य पूर्ण हो गये हैं उनमें तत्काल पम्प डालकर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर अग्रिम बैठक में अवगत कराया जाए, जिन योजनाओं पर अन्य विभागों से पेयजल योजना

सम्बन्धी कार्यों हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, उनकी कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर की जाये।

उक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत वित्तीय स्थिति के बारे अद्योहस्ताक्षरी को निम्नानुसार अवगत कराया गया :–

**फेज–2 के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं की वित्तीय प्रगति :–**

| क0सं0 | कार्य की लागत (करोड में) | वित्तीय व्यय (करोड में) |
|---|---|---|
| 1 | 178.48 | 72 |

**2. <u>जल जीवन मिशन कायकम फेज</u>**–3:– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत चयनित फर्म मै० बी०जी०जी०सी०पी०एल रामकी (जे०वी०) दिल्ली द्वारा 252 नग पेयजल योजनाओं (496 राजस्व ग्राम) पर निर्माण सम्बन्धी कार्यों के अन्तर्गत 363 नग नलकूप के सापेक्ष 307 नग नलकूप, 363 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 249 नग पम्प हाउस, 363 नग बाउन्ड्रीबॉल के सापेक्ष 142 नग बाउन्ड्रीबॉल, 255 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 114 नग जलाशय, 2655 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 2130 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 160570 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 84977 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। साथ ही 496 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 178 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है एवं 496 नग राजस्व ग्रामों के मार्ग पुर्नस्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष 323 नग ग्रामों में मार्ग पुर्नस्थापना का कार्य करा दिया गया है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गयी और अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस को निर्देश प्रदान किये गये कि समीक्षा सारणी इस प्रकार हो कि उसमें कार्य स्थल की वास्तविक स्थिति प्रर्दशित हो। ग्राम पंचायतों में स्टेक होल्डरों की बैठक बुलाई जाये ग्राम पंचायत पर पाईप लाइन का नक्शा उपलब्ध कराया जाये जिन ट्यूबवेलों के बोरिंग कार्य पूर्ण हो गये हैं उनमें तत्काल से पम्प डालकर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर अग्रिम बैठक में अवगत कराया जाए, जिन योजनाओं की प्रगति 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक है, की सूची उपलब्ध कराये जाये, जिन योजनाओं पर अन्य विभाग से पेयजल योजना सम्बन्धी कार्यों हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, की कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर की जाये।

उक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–3 के अन्तर्गत वित्तीय स्थिति के बारे अद्योहस्ताक्षरी को निम्नानुसार अवगत कराया गया :–

**फेज–3 के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं की वित्तीय प्रगति :–**

| क0सं0 | कार्य की लागत (करोड में) | वित्तीय व्यय (करोड में) |
|---|---|---|
| 1 | 628.15 | 180 |

**3. <u>पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं रख–रखाव संबंधी कार्य</u>** :– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं रख–रखाव हेतु चयनित फर्म मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स मुम्बई द्वारा 39 नग पेयजल योजनाओं (47 राजस्व ग्राम) पर अनुरक्षण, संचालन एवं रख–रखाव सम्बन्धी कराये जा रहे हैं, 39 नग पेयजल योजनाओं में से 28 नग पेयजल योजनाओं पर आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी हैं शेष 11 नग पेयजल योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व निर्मित पे0यो0 पर मरम्मत के कार्य हेतु प्राक्कलन की स्वीकृति शासन स्तर से होना शेष है प्राक्कलन की स्वीकृति उपरान्त मरम्मत के कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेंगे वर्तमान में पे0यो0 पर

आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति को बढ़ाये जाने के निर्देश भी प्रदान किये गये।

**4. नल जल मित्र की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जपनद में 467 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 612 नग नल जल मित्र का नामांकन कराया जाना है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 454 नग नल जल मित्र के नामांकन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष नामांकन का कार्य प्रगति पर है। जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित प्रभारी जिला पंचायतीराज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर नल जल मित्र के नामांकन शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस को निर्देशित किया गया।

**5. हर घर जल समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अगवत कराया गया कि जनपद में 647 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 91 राजस्व ग्रामों को हर घर जल रिपोर्ट कर 70 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सम्बन्धितों को दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

(अतुल वत्स)
जिलाधिकारी
हाथरस

कार्यालय जिलाधिकारी, हाथरस।

OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE, HATHRAS

फोन नं०– (05722) 227077, 226090, 227001, 9454417515, dmhat@nic-in

पत्र संख्या– 1979/ बैठक / 84 दिनांक 11/09/2026

**प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदया, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस।
4. जिला पंचायतराज अधिकारी, हाथरस।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस
6. अधिशासी अभियन्ता (वि० एवं यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी ,हाथरस।
8. डी०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।
9. डी०पी०एम०, मै० प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, हाथरस।
10. डी०पी०एम०, आरवी एसोसियेट (टी०पी०आई०), हाथरस
11. जिला समन्वयक, मैचज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), हाथरस ।
12. परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, अलीगढ़।

जिलाधिकारी
हाथरस